Gram : UNIVERSITY

Phones 2570301 2570263 2570450

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

Ref No.: CSJMU/COE / 334 /2015

Dated: 18/06/2015

प्रेस विज्ञप्ति

जनसूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत सत्र 2014-15 की लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को ऑन-लाइन अवलोकित करने सम्बन्धी व्यवस्था एवं प्रक्रिया ।

संज्ञान में आया हैं कि परीक्षार्थियों द्वारा अपनी परीक्षा से सम्बन्धित लिखित उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के सम्बन्ध में आपत्तियां की जाती हैं । जनसूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत परीक्षार्थियों को उनकी उत्तरपुस्तिकायें अवलोकित करायी जा रही थी परन्तु इस कार्य में उन्हें विश्वविद्यालय बार-बार आना जाना पड़ता हैं, जिसके कारण उनके समय एवं धन का अपव्यय होता हैं । उक्त समस्या के समाधान के दृष्टिगत एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि सत्र 2014-15 की वार्षिक परीक्षाओं से सम्बंधित लिखित उत्तर पुस्तिकाओं को जनसूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार ऑन-लाइन अवलोकित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आवेदन की ऑन-लाइन व्यवस्था प्रारम्भ की गई हैं । इस व्यवस्था में किसी भी परीक्षार्थी को उत्तर पुस्तिका अवलोकन हेतु अनावश्यक विश्वविद्यालय में उपस्थित नही होना पडेगा । व्यवस्था से सम्बंधित प्रक्रिया, नियम एवं शर्ते निम्नवत हैं-

नियम एवं शर्तेः

- ऑन-लाइन आवेदन सत्र 2014-15 की वार्षिक एवं उसके पश्चात सम्पन्न होने वाली समस्त परीक्षाओं के लिए ही स्वीकार किये जायेंगे ।
- परीक्षार्थी के परीक्षाफल घोषित होने की तिथि के उपरान्त एक माह तक ऑन-लाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी । निर्धारित अवधि के उपरान्त आवेदन किया जाना सम्भव नहीं होगा । **ऐसे परीक्षार्थी जिनके परीक्षाफल घोषित हो चुके हैं, उन्हे ऑन-लाइन आवेदन की सुविधा 20 जुलाई, 2015 तक उपलब्ध रहेगी ।**
- आवेदक को विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तर पुस्तिका के निरीक्षण/छायाप्रति प्राप्त करने हेतु निर्धारित शुल्क रू0 200/- प्रति उत्तर पुस्तिका देय होगा ।
- आवेदक को अपनी ई-मेल आई. डी. प्रमुख रूप से उपलब्ध करानी होगी जिसके माध्यम से अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी ।
- विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तर पुस्तिकाओं के पुर्नमुल्यांकन का कोई प्राविधान नही है केवल परिनिरीक्षण (Scrutiny) एवं उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन की व्यवस्था प्राविधानित हैं ।
- एक से अधिक प्रश्नपत्रों की उत्तर पुस्तिकाओं के अवलोकन हेतु प्रश्नपत्रवार अलग-अलग आवेदन करना आवश्यक होगा ।

प्रक्रिया

- छात्र/छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kanpuruniversity.org के होम पेज पर "Online Application for Inspection of Answer Books for session 2014-15" के अन्तर्गत बने लिंक "Important Instructions for Answer Book Viewing" के द्वारा उत्तर पुस्तिका अवलोकन (Answer Book Viewing) हेतु नियम एवं शर्ते पढने के उपरान्त ही आवेदन करें ।

Gram : UNIVERSITY

Phones 2570301 2570263 2570450

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

- उपरोक्त निर्देशों को पढ़ने के उपरान्त, उसी पृष्ठ पर दिये E-Challan/Payment Gateway के Links के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने हेतु विकल्प का चयन करते हुये ऑन-लाइन Submission की कार्यवाही की जायेगी ।
- अभ्यर्थियों को स्क्रीन पर दिये गये निर्देशो से सहमत होते हुऐ **I Agree** पर Click करना होगा ।
- अगली स्क्रीन में अभ्यर्थियो को निर्धारित स्थान पर अपनी कक्षा व अनुक्रमांक को भरने के उपरान्त उनको मुख्य परीक्षा का पूर्ण विवरण स्क्रीन पर स्वतः दर्शित होगा ।
- अभ्यर्थी को ऑन-लाइन आवेदन करते समय सावधानीपूर्वक सभी वांछित सूचनाओं की पूर्ति कर किसी एक प्रश्न पत्र का चयन करना होगा । तथा अपनी E-Mail ID निर्दिष्ट स्थान पर अंकित करनी होगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गयी E-Mail ID पर Confirmation Massage के साथ Answer Book Viewing के शुल्क भुगतान हेतु एक Link प्राप्त होगा । इस लिंक पर क्लिक करते ही एक नया Page प्रदर्शित होगा जिसमें अभ्यर्थी द्वारा दिया गया विवरण एवं Registration Number होगा तथा आवश्यकतानुसार शुल्क जमा करने की कार्यवाही करनी होगी।
- अभ्यर्थी द्वारा दी गयी E-Mail ID पर 15 दिन के अन्दर चयनित प्रश्न पत्र की Scanned Copy विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी ।
- उत्तर पुस्तिका में **किसी प्रश्न का मूल्यांकन न होने अथवा अंको के योग में त्रुटि होने** की दशा में, उत्तर पुस्तिका की Scanned Copy प्राप्त होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अभ्यर्थी को "Application for reporting of problem in answer book viewed" लिंक के माध्यम से त्रुटि निवारण हेतु सूचित करना होगा । उक्त लिंक में अभ्यर्थी द्वारा आवेदन सम्बन्धी Registration No., Transaction ID एवं प्राप्त उत्तर पुस्तिका की Barcode संख्या सब्मिट करने के उपरान्त त्रुटि विवरण अंकित किया जायेगा ।

(राज बहादुर यादव)
परीक्षा नियंत्रक